# छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय प्रेस विज्ञप्ति

**दिनांक**: 27-11-2021

**स्थान**: आउडिटोरियम, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय

आज दिनांक 27-11-2021 को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में "स्पिक मैके सी.एस.जे.एम.यू चैप्टर" का भव्य उद्घाटन समारोह 'कालबेलिया राजस्थानी लोक नृत्य प्रर्दशन' का आयोजन आउडिटोरियम में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक द्वारा की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ वंदना पाठक और विशिष्ट अतिथि डॉ. शालिनी वेद त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए आभा मिश्रा ने बताया कि सोसाइटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंग यूथ (SPIC MACAY) एक गैर-राजनीतिक, राष्ट्रव्यापी, स्वैच्छिक संस्था है जिसकी स्थापना 1977 में डॉ. किरण सेठ, प्रोफेसर-एमेरिटस द्वारा IIT-दिल्ली में की गई थी, जिन्हें 2009 में कला में उनके योगदान के लिए 'पद्म श्री' से सम्मानित किया गया था। SPICMACAY का इरादा भारतीय विरासत के विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूकता बढ़ाकर औपचारिक शिक्षा की गुणवत्ता को समृद्ध करना है और इसमें निहित मूल्यों को आत्मसात करने के लिए युवा मन को प्रेरित करना है। यह भारतीय और विश्व विरासत के समृद्ध और विविध सांस्कृतिक टेपेस्ट्री में सन्निहित रहस्यवाद का अनुभव करने के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करने का प्रयास करता है, इस आशा के साथ कि इन कलाओं में सन्निहित सुंदरता, अनुग्रह, मूल्य और ज्ञान उनके जीवन और सोच के तरीके को प्रभावित करेगा और प्रेरित करेगा। एक बेहतर इंसान बनने के लिए। इसके लिए देश के सबसे कुशल कलाकार मुख्य रूप से स्कूलों और कॉलेजों में भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य, लोक, कविता, रंगमंच, पारंपरिक पेंटिंग, शिल्प और योग के कार्यक्रम प्रस्तुत करते हैं।

कार्यक्रम में कालबेलिया ग्रुप द्वारा केसरिया बालमा पधारो म्हारे देश, निमोड़ा- निमोड़ा, होरिया मा उड़े रे गुलाल, रंगीला मारो ढोलना, दमा दम मस्त कलंदर जैसे गीतों और नृत्यों पर मनमोहक प्रस्तुति की।

इस कार्यक्रम में आदरणीय कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक द्वारा सभी शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं को विश्वविद्यालय में spic Macay के छत्रपति साहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के चैप्टर के शुभारंभ के लिए सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी उन्होंने कहा कि छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए ना केवल अकादमिक बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर किया जा रहा है। मुख्य अतिथि डॉ वंदना पाठक जी स्पिक मैके द्वारा प्रस्तुत किए गए कालबेलिया नृत्य की भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा कि विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं को स्पीक मैके के इस चैप्टर के खुल जाने से हाथ छात्राओं को उनके अंदर छुपी हुई कला का प्रदर्शन करने एवं सीखने दोनों का भी मौका मिलेगा।

कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रिचा मिश्रा द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में प्रों.सुविज्ञा अवस्थी, सुरक्षा प्रभारी आर. पी सिंह, डॉ. बृजेश कटियार छात्र- छात्राएं भी मौजूद रहे।